राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (ग) (1) अलेसे–I/ दिनांकः– 2-7-13

## कार्यालय आदेश

श्री मोतीलाल वर्मा (अजा) जन्मतिथि 12.05.1947, सेवानिवृत्त के विरूद्ध विभागीय दण्डादेश दिनांक 07.05.97 के द्वारा दो वार्षिक वेतन वृद्धियां संचयी प्रभाव सें रोकने के दण्ड के कारण पदोन्नति वर्ष 2005–06 मे सहायक लेखाधिकारी के पद पर चयन किया गया था। श्री वर्मा द्वारा दण्ड के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट पिटिशन संख्या 5862/1997 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28.02.10 के द्वारा उक्त दण्ड को अपास्त कर दिये जाने एवं उक्त निर्णय के विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा अपील/एस.एल.पी. दायर नहीं करने का निर्णय लेने के फलस्वरूप राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 29 के उपनियम (2 ए) के अन्तर्गत लेखाकार सें सहायक लेखाधिकारी पद पर पदोन्नति वर्ष 2003–04 से 2005–06 के लिये गठित पुनरावलोकन विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के आधार पर निम्नांकित तत्कालीन लेखाकारों का सहायक लेखाधिकारी के पद पर पूर्व में चयनित वर्षों में उनके नाम के आगे कॉलम संख्या 5 में अंकितानुसार संशोधित किया जाता हैः–

| क्र. सं. | नाम लेखाकार (सर्वश्री) | जन्मतिथि | मूल डीपीसी से स0ले0अ0 के पद पर चयन वर्ष | रिव्यू डीपीसी की अभिशंषानुसार संशोधित चयनित वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मोती लाल वर्मा (अजा) सेवानिवृत्त | 12.05.47 | 2005–06 | 2003–04 |
| 2 | रामजीलाल आसीवाल (अजा) (लिंक नम्बर–1248) | 02.02.57 | 2003–04 | 2004–05 |

रिव्यू डीपीसी द्वारा सहायक लेखाधिकारी पद पर संशोधित वर्षों मे चयन के फलस्वरूप उक्त की वरिष्ठता निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

1. श्री मोतीलाल वर्मा (अजा) की वरिष्ठता वर्ष 2003–04 की चयन सूची क्रमांक 21 पर अंकित श्री रामेश्वर लाल वर्मा (अजा) (207/444) एवं चयन सूची क्रमांक 22 पर अंकित श्री भीखाराम (अजा) (209/446) के मध्य क्र.सं. 21 ए पर निर्धारित की जाती है।
2. श्री रामजीलाल आसीवाल (अजा) (लिंक नम्बर–1248) की वरिष्ठता वर्ष 2004–05 की चयन सूची क्रमांक 25 पर अंकित श्री कृष्णचन्द सैनी तथा 26 पर अंकित श्री राधेश्याम जाटव (अजा) के मध्य 25 ए पर निर्धारित की जाती है।

निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (ग) (1) अलेसे–I/3311-18 दिनांकः– 2-7-13

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।

2 उपशासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज0 जयपुर।

3 श्री मोतीलाल वर्मा, सहायक लेखाधिकारी (सेवानिवृत्त)।

4 श्री रामजीलाल आसीवाल, सहायक लेखाधिकारी, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, जयपुर।

5 निजी सहायक निदेशक महोदया।

6 उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में एन्ट्री करने हेतु।

7 डीपीसी शाखा।

8 गार्ड फाईल/ निजी पत्रावली।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–1)